संख्या- 164 /2024/I/833127/2024/71-1002/36/2023

प्रेषक,

मनोज कुमार सिंह,
संयुक्त सचिव,
उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

महानिदेशक,
चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण,
उ0प्र0, लखनऊ।

चिकित्सा शिक्षा अनुभाग-1 **लखनऊः दिनाँक 26 दिसम्बर, 2024**

विषयः-वित्तीय वर्ष 2024-25 में केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में 60 यू0जी0 सीटों की वृद्धि के दृष्टिगत मेडिकल रिकार्ड सेक्शन के निर्माण कार्य हेतु अवशेष/अंतिम किश्त की वित्तीय स्वीकृति के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र संख्या–एमई/बजट/2024-25/348, दिनांक 29.11.2024 का कृपया संदर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में 60 यू0जी0 सीटों की वृद्धि के दृष्टिगत मेडिकल रिकार्ड सेक्शन के निर्माण कार्य हेतु अवशेष धनराशि रू0 291.15 लाख अवमुक्त किये जाने पर विचार किये जाने का अनुरोध किया गया है।

2- उल्लेखनीय है कि शासनादेश संख्या-85/2023/I/328981/2023-71-1002/36/2023, दिनांक 08.06.2023 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु पूर्व में पी0एफ0ए0डी0 द्वारा आकलित लागत रू0 582.30 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति तथा परियोजना की प्रथम किश्त के रूप रू0 291.15 लाख की धनराशि अवमुक्त की गयी थी। तत्पश्चात् शासनादेश संख्या-114/2023/I/701826/2023-71-1002/36/2023, दिनांक 29.07.2024 द्वारा प्रश्नगत कार्य हेतु पी0एफ0ए0डी0 द्वारा पुनरीक्षित आंकलित लागत रू0 582.30 लाख की प्रशासकीय एवं वित्तीय स्वीकृति निर्गत करते हुए उपरिसन्दर्भित शासनादेश दिनांक 08.06.2023 द्वारा निर्गत धनराशि रू0 291.15 लाख को परियोजना की प्रथम किश्त के रूप में समायोजित किये जाने की अनुमति प्रदान की गयी। इस प्रकार परियोजना हेतु अवशेष रू0 291.15 लाख निर्गत किया जाना शेष है।

3- अतः इस सम्बन्ध में मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि केन्द्र पुरोनिधानित योजना (फेज-2) के अंतर्गत राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर में 60 यू0जी0 सीटों की वृद्धि के दृष्टिगत मेडिकल रिकार्ड सेक्शन के निर्माण कार्य हेतु पुनरीक्षित आंकलित लागत रू0 582.30 लाख के सापेक्ष परियोजना की **अवशेष धनराशि/अंतिम किश्त** के रूप में **रू0 291.15 लाख (रू0 दो करोड़ इक्यानवे लाख पन्द्रह हजार मात्र) (राज्यांश)** की धनराशि, महानिदेशक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ के निवर्तन पर एस0एन0ए0 खाते में रक्षित धनराशि में से हस्तान्तरित किये जाने की अनुमति प्रदान की जाती है।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in

नियम व शर्ते/प्रतिबन्धों

1. भारत सरकार द्वारा निर्गत दिशा-निर्देशों पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
2. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में उल्लिखित दिशा-निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।
3. स्वीकृत की जा रही धनराशि का व्यय उन्हीं कार्यो/मदों में किया जायेगा, जिसके लिए धनराशि स्वीकृत की जा रही है, किन्ही अन्य कार्यो/मदों पर धनराशि का व्यय अथवा व्ययावर्तन वित्तीय अनियमितता मानी जायेगी।
4. कार्य की गुणवत्ता, मानक एवं विशिष्टियों तथा प्रायोजना को निर्धारित समय-सीमा के अन्तर्गत पूर्ण किये जाने की जिम्मेदारी महानिदेशक/प्रधानाचार्य/कार्यदायी संस्था की होगी।
5. परियोजना की पुनरीक्षित शासनादेश संख्या-114/2023/I/701826/2023-71-1002/36/2023, दिनांक 29.07.2024 में उल्लिखित शेष शर्तों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

4- यह आदेश वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1 के कार्यालय ज्ञाप संख्या-1/2024/बी-1-294/दस-2024-231/2024, दिनांक 04.03.2024 में प्रशासकीय विभाग को उक्त प्रतिनिधानित अधिकार के अंतर्गत निर्गत किये जा रहे है।

भवदीय,

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

संख्या/तद्दिनांक, उपर्युक्तानुसार।

प्रतिलिपि, निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. प्रधानाचार्य, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
3. वित्त नियंत्रक, चिकित्सा शिक्षा एवं प्रशिक्षण, उ0प्र0 लखनऊ।
4. वित्त नियंत्रक, राजकीय मेडिकल कालेज, कानपुर।
5. प्रबन्ध निदेशक, उ0प्र0 विधायन एवं निर्माण सहकारी संघ लि0 (पैक्सफेड), लखनऊ।
6. वित्त (आय-व्ययक) अनुभाग-1/2, वित्त (व्यय नियंत्रण) अनुभाग-3, उ0प्र0 शासन।
7. गार्ड फाइल।

आज्ञा से,

मनोज कुमार सिंह
संयुक्त सचिव।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नहीं है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.nic.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.nic.in